आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 11.11.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दिल्ली में कार विस्फोट के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और इसके ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता मिलन कार्यक्रम में सुनीं जन समस्याएं। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के साथ ही नियमित फीडबैक लेने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने आगामी मध्य क्षेत्रीय परिषद समिति में रखे जाने वाले विषयों का एजेंडा तैयार करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी। मतदान 20 नवंबर को।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट मामले में कहा है कि इस भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और इसके ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज वह बहुत भारी मन से भूटान आए हैं और कल शाम दिल्ली में हुई घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है।

**गृह मंत्री**

गृह मंत्री अमित शाह ने कार विस्फोट के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए आज अपने निवास पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए के महानिदेशक उपस्थित थे। जम्मू–कश्मीर के पुलिस महानिदेशक भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**उत्तराखंड अलर्ट**

दिल्ली में कल हुए विस्फोट के बाद उत्तराखंड में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। राज्य के सभी जिलों में अंतरराष्ट्रीय व अंतरराज्यीय सीमाओं, संवेदनशील स्थलों, धार्मिक स्थलों, बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मॉल और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री/जन समस्याएं**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ''मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय'' में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से प्राप्त शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही नियमित फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने कहा सरकार का लक्ष्य, जन समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण करना है। इसके लिए प्रत्येक विभाग को जिम्मेदारी से कार्य करते हुए जन अपेक्षाओं के अनुरूप सक्रिय और संवेदनशील व्यवहार अपनाना होगा। मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने और शिकायत निवारण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी व तकनीकी माध्यमों से सुलभ बनाए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनता से भी राज्यहित में रचनात्मक सुझाव देने और जनसेवा के प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्रत्येक नीति और निर्णय का मूल उद्देश्य, जनता का हित और प्रदेश का समग्र विकास है।

## दिशा बैठक

टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में आज उत्तरकाशी जिला मुख्यालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के साथ ही बीएसएनएल की सेवा उपलब्धता के लिए तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

सांसद ने योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और सार्वजनिक शिकायत निवारण पर विशेष ज़ोर दिया।

## मुख्य सचिव

आगामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्य की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले बिंदुओं का एजेंडा तैयार करने के संबंध में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने विभागों द्वारा मध्य क्षेत्रीय परिषद समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले एजेंडे को तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एजेंडे में उन सभी पक्षों का स्पष्ट और संक्षिप्त विवरण होना चाहिए, जिसमें केंद्र सरकार का सहयोग या संशोधन अपेक्षित हो। मुख्य सचिव ने समाज कल्याण विभाग को जौनसारी–जेनसारी शब्द विषयक प्रकरण के संबंध में निर्देश दिए कि इस प्रकरण को अनुसूचित जनजाति मंत्रालय को उनके पोर्टल में शब्द की वर्तनी को संशोधन करने का अनुरोध तैयार करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अगर विधायिका स्तर का संशोधन भी अपेक्षित हो, तो उसका भी कानूनी मार्गदर्शन प्राप्त कर लें। मुख्य सचिव ने भोटिया और राजी जनजाति के लिए पिथौरागढ़ जिले में एक एकलव्य आदर्श विद्यालय की स्थापना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी से संबंधित विषय का एजेंडा भी तैयार करने के समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, पेयजल और सिंचाई विभाग को आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के मानक में संशोधन करते हुए धनराशि में बढ़ोतरी विषयक एजेंडा तैयार करने के भी निर्देश दिए।

## त्रिस्तरीय पंचायत अधिसूचना

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में हरिद्वार जिले को छोड़कर त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी है। इन पदों पर आगामी 20 नवंबर को उप चुनाव होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सदस्य ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत और सदस्य जिला पंचायत के पदों पर 13 और 14 नवंबर को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 नवम्बर को होगी। नाम वापसी की तारीख सोलह नवम्बर है और इसी दिन चुनाव चिह्न भी आंवटित किए जाएंगे। मतदान 20 नवम्बर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतगणना 22 नवम्बर को होगी। सदस्य ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की बिक्री संबंधित विकासखंड मुख्यालयों तथा जिला पंचायत सदस्यों के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की बिक्री, जिला मुख्यालय में 11 से 13 नवंबर तक होगी।

उप चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रदेश में हरिद्वार जिले को छोड़कर शेष सभी जिलों के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जो मतगणना की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी।

## राज्य वित्त आयोग

छठवें राज्य वित्त आयोग की टीम ने आज नैनीताल जिले के काठगोदाम में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। आयोग ने स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति, संसाधन, राजस्व प्राप्तियों और विकास योजनाओं की समीक्षा की। आयोग के सदस्य पी. एस जंगपांगी ने बताया कि बैठक में स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति और विकास संबंधी प्रस्तावों को भविष्य की योजना निर्माण में सम्मिलित किया जाएगा।

## पद यात्रा

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज नई टिहरी के डाइजर से बौराड़ी स्टेडियम तक आठ किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं और अध्यापकों ने भाग लिया। टिहरी की मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि पद यात्रा का उद्देश्य, सरदार पटेल के आदर्शों से लोगों को जागरुक कराना था।